# तो, आप पुरुष नसबंदी के बारे में सोच रहे हैं...
# पुरुष नसबंदी के बारे में जानकारी

## पुरुष नसबंदी क्या है?

पुरुष नसबंदी स्थायी गर्भ निरोध का एक सरल, सुरक्षित और प्रभावी तरीका है। यह क्लिनिक आधारित एक सौम्य प्रक्रिया है जिसमें 10-15 मिनट लगते हैं। पुरुष नसबंदी अंडकोष से शुक्राणु ले जाने वाली नली (वास डेफेरेंस) को अवरुद्ध कर काम करता है। यह शुक्राणुओं को वीर्य में प्रवेश करने से रोकता है।

## यह कैसे किया जाता?

पुरुष नसबंदी के दौरान, अंडकोष की थैली में एक छोटा चीरा लगा कर वास नली तक पहुँचा जाता है। प्रत्येक नली को अलग करके ताप(दाग़ना) और क्लिप द्वारा सील कर दिया जाता है। यह शुक्राणुओं को पारित होने से रोकता है लेकिन वीर्य की मात्रा में कोई दिखने जैसा परिवर्तन नहीं करता। (अधिकांश वीर्य नली के ऊपर स्थित ग्रंथियों में बनता है।)

## क्या इसमें दर्द होता है?

आपको पुरुष नसबंदी में बिलकुल भी नहीं या सिर्फ मामूली दर्द होगा। अधिकांश पुरुषों का कहना है कि यह दंत चिकित्सक के पास जाने या इंजेक्शन से खून निकलवाने से भी कम होता है!

आपको पुरुष नसबंदी के दौरान मामूली या कोई असुविधा नहीं होगी । डॉक्टर उस स्थान को सुन्न करने के लिए स्प्रे का या बहुत पतली सुई (बाल के आकर की) का इस्तेमाल करते हैं। यह नली के आसपास की त्वचा और क्षेत्र को सुन्न कर देता है। बेहोश करने की जरुरत नहीं होती। पुरुष नसबंदी साइट अंडकोष या अन्य संवेदनशील क्षेत्रों को स्पर्श नहीं करती है।

## इसमें कितना समय लगता है?

इसमें लगभग 10-15 मिनट लगता है।

## "बिना छुरी के" और पारंपरिक पुरुष नसबंदी में क्या अंतर है?

नहीं, पुरुष नसबंदी में छुरी का प्रयोग नहीं होता है। इसमें अंडकोश की थैली में चीरा लगाए बिना, एक छोटा-सा रास्ता बनाकर वास नलियों तक पहुंचने के लिए विशेष छोटे उपकरण का उपयोग किया जाता है। चूँकि यह रास्ता बहुत छोटा होता है, टांके की जरूरत नहीं पड़ती हैं। यह "पारंपरिक" पुरुष नसबंदी से

अलग है जिसमें अंडकोष की थैली में दो बड़े चीरे लगाए जाते हैं जिनमें कभी-कभी टाँके लगाने पड़ते हैं। बिना छुरी" की तकनीक के साथ (समस्याएं, संक्रमण और खून निकलना) की सम्भावना कम रहती है। स्वास्थ्य-लाभ तेजी से होता है। "बिना छुरी "की पुरुष नसबंदी गर्भ-निरोध के लिए पारंपरिक पुरुष नसबंदी के समान ही प्रभावी है।

बिना छुरी और सुई की पुरुष नसबंदी सबसे उन्नत उपलब्ध चिकित्सा है।

## यह कितनी अच्छी तरह से काम करती है

पुरुष नसबंदी अत्यंत प्रभावी है (यह 2000 में 1 बार से भी कम बार विफल होती है) लेकिन, इसे काम शुरू करने में 3 महीने तक का समय लग सकता है। सर्जरी के बाद वीर्य में शुक्राणु न होने की जाँच करानी पड़ती है। तब तक के लिए गर्भ निरोध की कोई और विधि का इस्तेमाल करना चाहिए अन्यथा गर्भ ठहर सकता है। अधिकांश पुरुषों के पहले वीर्य परीक्षण में कोई शुक्राणु नहीं मिलता है। कभी-कभी शुक्राणु नहीं मिलने में दो या अधिक वीर्य-परीक्षण भी लग जाते हैं।

## पुरुष नसबंदी स्थायी है

पुरुष नसबंदी जीवन भर के लिए है। पुरुष नसबंदी के बाद पुरुष किसी महिला को गर्भवती करने में सक्षम नही रहता। यदि कोई पुरुष बच्चों की इच्छा को लेकर अनिश्चित है, तो पुरुष नसबंदी उसके लिए अच्छा विकल्प नहीं है। इसको हटाने के लिए "वैसोवसोटॉमी" नामक सर्जरी प्रक्रिया हैलेकिन वहबहुत महँगी है और हमेशा काम नहीं करती। औसतन, यह सर्जरी कराने वाले सिर्फ आधे दम्पति ही कोशिश के बाद बच्चा कर पाते हैं। हम यह सर्जरी नहीं करते हैं। जानकारी के लिए , हम आपको सम्बंधित डॉक्टर के पास रेफर कर सकते हैं जो यह सर्जरी करते हैं।

## इसमें जोखिम क्या हैं?

पुरुष नसबंदी बहुत ही सुरक्षित है, इस प्रक्रिया में कम जोखिमहै, लेकिन किसी भी सर्जरी के साथ कुछ समस्याएँ होती ही हैं। थोडा कष्ट और थकान होना आम है। पहले कुछ दिन खून निकलने की सम्भावना को कम करने के लिए, हम तंग जांघिया या जॉक पट्टा पहनने की सलाह देते हैं।

अन्य असाधारण जटिलताएं इस प्रकार हैं: संक्रमण (बहुत कम होता है इसका एंटीबायोटिक दवाओं से इलाज किया जा सकता है), वास पर सूजन (शुक्राणु ग्रेन्युलोमा) जिससे बहुत ही दर्दहोता है, और रक्त संग्रह (स्क्रोटल हिमाटोमा) के कारण अंडकोश में खून निकलना। प्रक्रिया के कई हफ्तों बाद कुछ पुरुष वीर्यकोश में दर्द अनुभव करते हैं जो कि सिर्फ कुछ दिनों (5%) के लिए ही होता हैं। यह मौखिक प्रज्वलनरोधी दवाईयों जैसे, एडविल या मोउर्टिन से ठीक हो जाता हैं। दीर्घ कालिक दर्द बहुत ही कम (लगभग 0.1-1%) होता है।

हालांकि संभावना नहीं है, लेकिन पुरुष नसबंदी से भविष्य में गर्भवती बनाने की क्षमता को भी खतरा रहता है।



reproductive health access project

## बाद में देखभाल:

पुरुष नसबंदी के दिन अपने पैरों को ऊपर कर आराम करें। अगर आप चाहे, तो अगले दिन कुछ हल्का काम कर सकते हैं। प्रक्रिया के बाद एक या दो रात वहां कुछ पीड़ा हो सकती है। ठंडी सिकाई और/या टायलेनॉल जैसी दर्द-निवारक औषधि जो बिना पर्चे के मिल जाती है से जल्द ही राहत मिल जाती हैं। तंग जांघिया या जॉक पट्टा पहनने से चलने फिरने में होने वाली असुविधा को कुछ कम किया जा सकता है।

पुरुष नसबंदी के कारण कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होती। पुरुष नसबंदी अंडकोष द्वारा उत्पादित पुरुष हार्मोन को प्रभावित नहीं करती। पुरुष नसबंदी के बाद यौन प्रकार्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है। स्खलन शुक्राणु रहित होने के अलावा अनुभूति, इरेक्शनऔर स्खलन सब पहले जैसा ही होता है।

## पुरुष नसबंदी की सीमाएं:

- 100% पूरी तरह से पहले जैसा नहीं किया जा सकता
- शुक्राणु से मुक्त होने तक गर्भ निरोध के अन्य उपाय का इस्तेमाल करना होगा।
- यौन संचरित संक्रमणों के संचरण को रोका नहीं जा सकता।

## पुरुष नसबंदी के लाभ

- वीर्य में (स्पष्ट) परिवर्तन नहीं होता।
- यौन इच्छा या चरमोत्कर्ष अनुभूति में कोई परिवर्तन नहीं होता
- वृषण में कोई परिवर्तन नहीं होता
- इरेक्शन में कोई परिवर्तन नहीं होता
- गर्भ निरोध के अन्य तरीकों का उपयोग करने के की कोई ज़रूरत नहीं है

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न:

### क्या पुरुष नसबंदी आपकी यौन-इच्छा को परिवर्तित करती है?

अधिकांश पुरुषों में बिल्कुल नहीं। यदि कोई परिवर्तन हुआ भी है तो अधिकांश पुरुषों ने यह पाया कि पुरुष नसबंदी के बाद यौन-इच्छा में और बढ़ोतरी ही हुई है।

पुरुष नसबंदी अंडकोष द्वारा उत्पादित पुरुष हार्मोन को प्रभावित नहीं करती। पुरुष नसबंदी के बाद यौन प्रकार्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है। स्खलन शुक्राणु रहित होने के अलावा अनुभूति, इरेक्शन और स्खलन सब पहले जैसा ही होता है।

## क्या मुझे अपने वीर्य में कोई बदलाव महसूस हो सकता है?

नहीं, वीर्य में शुक्राणु की मात्रा इतनी थोड़ी होती है कि आपको इसमें कोई परिवर्तन नज़र नहीं आता। 95% से भी अधिक वीर्य, वास नलियों की ऊपरी ग्रंथियों - प्रोस्टेट नली और वीर्य नली में बनता है, वृषण में कुल बनने वाली मात्रा की बहुत कम मात्रा ही बनती है। पुरुष नसबंदी के बाद वीर्य में अंतर बताने का एक मात्र तरीका सूक्ष्म वीर्य विश्लेषण है।

पुरुष नसबंदी स्खलन को नहीं रोकती। आपको अपने वीर्य में कोई अंतर नहीं मालूम होगा।

## पुरुष नसबंदी के बाद शुक्राणुओं का क्या होता है?

आपका शरीर शुक्राणुओं को अवशोषित कर लेता है। हमारा शरीर पुरानी या अप्रयुक्त कोशिकाओं को रिसाइकिल करने में सक्षम है। उदहारण के लिए, हमारा शरीर रोज़ नयी रक्त कोशिकाएं बनाता है और रक्त से कभी ओवरलोडेड नहीं होता है। हमारा शरीर बड़ी सरलता से पुरानी लाल रक्त कोशिकाओं को अवशोषित कर लेता है, और उसके प्रोटीन्स व अन्य भागों को रिसाइकिल कर देता है। वैसे ही, पुरुष नसबंदी के बाद हमारा शरीर वीर्यकोश के द्वारा लगातार उत्पादित शुक्राणुओं को अवशोषित कर लेता है।

## स्वास्थ्य लाभ कैसे होता है?

ज्यादातर लोग प्रक्रिया के बाद, एक या दो रात कुछ पीड़ा महसूस करते हैं और उसके बाद ठीक हो जाते हैं। पहले कुछ दिन असुविधा और खून निकलने की सम्भावना को कम करने के लिए, हम तंग जांघिया या जॉक पट्टा पहनने की सलाह देते हैं। पुरुष नसबंदी के बाद पहले 3-7 दिनों तक खेल और सेक्स के साथ किसी भी सक्रिय गतिविधि में भाग लेने से बचें।

## मुझे अपने वीर्य की जाँच करवाने के लिए 3 महीने का इंतजार क्यों करना चाहिए?

तुम अपने आप को पूरी तरह से तब तक मुक्त नहीं समझ सकते, जब तक कि वीर्य की जांच से यह पुष्टि न हो जाए कि अब आपके वीर्य कोई शुक्राणु नहीं हैं। वीर्य की जांच पुरुष नसबंदी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन शीघ्र नमूना लेने में आपको डर लग सकता है। शुक्राणु प्रोस्टेट और वीर्य नली में 2-3 महीने तक छिपे रह सकते हैं, इसलिए शुरुआती शुक्राणु गिनती सकारात्मक हो सकती है,



reproductive health access project

भले ही वास नलियां सफलतापूर्वक सील की गई हो। प्रतीक्षा करने से छिपे शुक्राणु बाहर निकल जाते हैं। पुरुष नसबंदी के बाद यदा कदा ही नलियां पुन: आपस में जुड़ पाती हैं। अगर ऐसा कुछ होता है तो तीन महीनों के बाद वीर्य परिक्षण में यह पता लग जाता है। नमूना आप अपने घर रहकर दे सकते हैं। अधिकांश पुरुषों के लिए, वीर्य की जांच प्रक्रिया सरल होती है, यह सफल पुरुष नसबंदी सुनिश्चित करने का अंतिम चरण है।

## क्या मैं एक महिला चिकित्सक के साथ सहज हूँगा?

परिवार के चिकित्सकों के रूप में, हमारे सभी डॉक्टर्स को पुरुष रोगियों के साथ व्यापक अनुभव होता है। हमारी क्लीनिक-विशेषज्ञता और संप्रेषण शैली आपको सहज महसूस कराने और उत्कृष्ट देखभाल प्रदान करने में मदद करती है। आपकी सुरक्षा और सुविधा हमारा लक्ष्य है। हमारे पुरुष रोगी हमारी महिला डॉक्टर्स के साथ सहज बात कर लेते हैं। हम आपका गरिमा और सम्मान के साथ इलाज करते हैं। हम प्रक्रियात्मक देखभाल को लेकर बेहद सौम्य हैं, और अपने रोगियों की गोपनीयता का अत्यंत सम्मान करते हैं। किसी भी प्रक्रिया के लिए समय निर्धारित करने के लिए परामर्श हेतु फोन करने या फिर आपके आगमन का स्वागत है।